





## एक नजर में

### ट्रैफिक पुलिस ने हैवी साइलेंसर लगाकर दो पहिया वाहन चलाने वालों का निकाला जुलूस



**झाबुआ।** ट्रैफिक पुलिस एवं पुलिस थाने की टीम ने 13 मार्च, शुक्रवार देर शाम शहर में ऐसे दो पहिया वाहन चालक जो अपने वाहनों में हैवी साइलेंसर लगाकर तेज रफ्तार वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं एवं ध्वनि प्रदूषण के मद्देनजर सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस ने ऐसे वाहन चालकों का वाहन के साथ मुख्य बाजार में सार्वजनिक जुलूस निकाला। बाद वाहनों से साइलेंसर निकालने के साथ वाहन जपती की कार्रवाई भी की गई। थाना प्रभारी आरसी भास्करे एवं ट्रैफिक प्रभारी कमल मिंदल ने बताया कि पुलिस थाना एवं ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने ऐसे 4 दो पहिया वाहनों को जप्त कर शुक्रवार देर शाम वाहनों के साथ चालकों का जुलूस निकाला। बाद राजवाड़ा स्थित ट्रैफिक थाने पर इन वाहन चालकों को सख्ती से समझाइश दी कि हैवी साइलेंसर लगाकर, तीन सवारी और तेज रफ्तार वाहन ना चलाएं, अन्यथा ऐसे वाहनों के चालान बनाकर अर्थदंड वसूला जाएगा। उधर ट्रैफिक पुलिस एवं पुलिस थाने की टीम की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप सा मच गया।

### मौसम में अचानक बदलाव, तेज धूप के साथ गर्म हवाएं चलने से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा विपरीत असर

**झाबुआ।** मार्च माह का आधा पखवाड़ा बीतने के बाद ग्रीष्मकाल में अब गर्मी धीरे-धीरे विकराल रूप लेती देखने को मिल रहीं है। सुबह एवं रात में गर्मी का आभास होने के साथ दोपहर में तेज धूप और गर्म हवाओं के थपेड़े लोगों को प्रभावित कर रहे है?। तेज गर्मी और गर्म हवाएं चलने से इसका विपरीत असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। मौसम विभाग ने मई और जून माह में भीषण गर्मी की संभावना जताई है। शहर सहित जिलेभर में इन दिनों मौसम का तापमान बढ़ने के साथ दोपहर के समय तेज धूप और गर्म हवाएं चल रहीं है। गर्मी से बचने के लिए लोग बगीचों में विश्राम कर रहे है। बाजार में शीतल पेय पदार्थों और ठंडाई की दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रहीं है। वर्तमान में मौसम का अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। ऐसे मौसम में जिला चिकित्सालय सहित जिले के निजी दवाखानों पर सर्दी, जुखाम, बुखार, उल्टी दस्त के मरीज भी अधिक संख्या में आ रहे है। दोपहर में गर्मी से बचने के लिए लोगों द्वारा चश्में, टोपी और गमछे का उपयोग किया जा रहा है। वहीं महिलाएं स्कार्फ या दुपट्टा ओढ़कर बाजार में निकल रहीं है। गर्मी में घरों एवं प्रतिष्ठानों पर पंखे, कूलर, एसी का उपयोग भी बढ़ गया है। इस बीच बिजली की लुकाछुपी भी जारी है। मौसम विभाग के तकनीकी अधिकारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 14 मार्च, शनिवार को अधिकतम तापमान 38.8 डिसे एवं न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस रेकार्ड किया गया। आगामी दिनों में तापमान में ओर अधिक वृद्धि होगी। *फोटो 03 - * गर्मी।

### भाजपा नेता मचार का निधन

**मेघनगर.** पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भाजपा नेता बाबू मचार का शुक्रवार को हाट अटेक के कारण निधन हो गया मचार की अन्तिम यात्रा निवास से निकल कर स्थानीय बैडावली मुक्ति धाम पर पहुंची जहां पर दहा संस्कार किया गया मुक्ती धाम पर पुर्व विधायक कलसिंह भाबर भाजपा नेता मुकेश मेहता राजु डामोर राजेश अहिर भाविक बारोड रुपसिंह भुरीया प्रेमसिह बसोड प्रताप बारीया दशरथ कठ्ठा जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या मे ग्रामिणो ने पहुचक श्रद्धांजलि अर्पित की




### भारतीय बैंकिंग में बदल रही है भरोसे की परिभाषा

इंदौर. आज के दौर में बैंकिंग सिर्फ पैसे रखने या लेन-देन तक सीमित नहीं रह गई है. ग्राहक अब पहले से ज्यादा जागरूक हैं, उनके पास जानकारी भी है और विकल्प भी. ऐसे में वे सिर्फ बैंक की आर्थिक मजबूती नहीं देखते, बल्कि यह भी चाहते हैं कि बैंक की सेवा भरोसेमंद हो, जिम्मेदारी से काम करें और हर समय साथ खड़ा रहे. इस विषय पर उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने ग्राहकों का खूब भरोसा जीता है. पिछले कुछ वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र का बड़ा लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना रहा. उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में हेड-रिटेल लाइबिलिटीज़, टीएएससी और टीपीपी हितेंद्र झा कहते हैं कुछ समय पहले तक ग्राहकों का भरोसा बैंक की शाखा, वहाँ काम करने वाले लोगों और तय प्रक्रियाओं से बनता था. लेकिन अब समय बदल चुका है. तकनीक के आने से बैंकिंग तेज और आसान हुई है, इसलिए अब ग्राहक सुविधा के साथ-साथ भरोसेमंद सेवा को भी उतना ही महत्व देते हैं.

### एमेज़ॉन एयर पूर्वोत्तर भारत तक पहुँचा

इंदौर. एमेज़ॉन ने उत्तर पूर्व भारत में एमेज़ॉन एयर का विस्तार किया. यह नया एयर कार्गो रूट कोलकाता और गुवाहाटी को जोड़ेगा, जिससे क्षेत्र में कंपनी का लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और कनेक्टिविटी बढ़ेंगे. यह सेवा एमेज़ॉन के इंटीग्रेटेड एयर एवं सरफेस ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क द्वारा सैवन सिस्टर्स - अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा में डिलीवरी पहुँचाने में मदद करेगी. इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, नई दिल्ली से गुवाहाटी के लिए एमेज़ॉन की पहली एयर फ्लाईट का उद्घाटन नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने किया. इस अवसर पर अभिनव सिंह, वाईस प्रेसिडेंट, ऑपरेशंस, भारत और ऑस्ट्रेलिया, एमेज़ॉन और चेतन कृष्णास्वामी, वीपी, पब्लिक पॉलिसी, एमेज़ॉन इंडिया भी मौजूद थे. अभिनव सिंह ने कहा, हम लगातार भारत में सबसे बड़ा लॉजिस्टिक्स नेटवर्क स्थापित करने में निवेश कर रहे हैं, ताकि ग्राहकों को उनके रहने के स्थान तक बेहतर सेवाएं पहुँचाई जा सकें.

### सैमसंग गैलेक्सी एस26 सीरीज़ व बड्स4 सीरीज़ उपलब्ध

इंदौर. सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी नई गैलेक्सी एस26 सीरीज़ और गैलेक्सी बड्स4 सीरीज़ की वैश्विक उपलब्धता की घोषणा कर दी है. सैमसंग की तीसरी पीढ़ी के एआई स्मार्टफोन्स के रूप में गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस26+ और गैलेक्सी एस26 उपयोगकर्ताओं को अधिक सहज और स्मार्ट एआई अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जिससे वे कम चरणों में अधिक काम कर सकते हैं. शानदार फिट के साथ जबर्दस्त हाई-फाई साउंड उपयोगकर्ता गैलेक्सी एस26 की क्षमताओं को नए गैलेक्सी बड्स4 सीरीज़ के साथ और बेहतर बना सकते हैं, जिसमें सैमसंग के सबसे उन्नत ऑडियो और वियरेबल्ड इनोवेशन को एक सहज अनुभव में एकीकृत किया गया है. गैलेक्सी बड्स4 प्रो और गैलेक्सी बड्स4 अब तक की गैलेक्सी बड्स सीरीज़ में सर्वश्रेष्ठ सुनने का अनुभव प्रदान करने के लिए बेहतर हाई-फाई ऑडियो और रोज़मर्रा की पहनने की सुविधा देते हैं.

### स्मार्ट मॉर्निंग न्यूट्रिशन से अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाएं

इंदौर. मौसम बदलने के समय मौसमी वायरल संक्रमण अक्सर बढ़ जाते हैं, इसलिए अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाना बहुत जरूरी हो जाता है। सर्दी, फ्लू और अन्य सांस से जुड़ी बीमारियां ऐसे मौसम में तेजी से फैलती हैंय इसलिए दिन की शुरुआत से ही शरीर को पोषक तत्वों से भरपूर भोजन देना फायदेमंद होता सुबह के भोजन में बादाम, अंडे, खट्टे फल, फर्मेंटेड फूड्स और साबुत अनाज जैसे खाद्य पदार्थ शामिल करने से शरीर को ऊर्जा और जरूरी सूक्ष्म पोषक तत्व मिलते हैं. यहां सुबह के भोजन में शामिल करने के लिए चार आसान विकल्प दिए गए हैं.





# गैस सिलेंडर की किल्लत, लोगों को करना पड़ रही मशक्कत

**जिला थोक उपभोक्ता भंडार में गैस टंकी प्राप्त करने के लिए परेशानी, दावे साबित हो रहे खोखले**

**एक सप्ताह पूर्व वेटिंग लगाने पर भी घर पहुंच सेवा के तहत प्राप्त नहीं हो रहीं टंकी**

**झाबुआ।** अमेरिका और इजरायल के युद्ध के बीच भारत में गैस और तेल का आयात पर्याप्त मात्रा में नहीं होने से देश में तेल कंपनियों ने भी स्टॉक में कमी के चलते एक ओर जहां गैस सिलेंडरों और पेट्रोल-डीजल के भाव में बढ़ोतरी के संकेत दिए है। वहीं केंद्र सरकार की ओर से भी गैस सिलेंडरों की बुकिंग तिथि में वृद्धि की गई है। जिसके अनुसार अब गैस सिलेंडर 20 दिन की जगह 25 दिन में बुकिंग करवाए जाने हेतु नए आदेश जारी किए गए है।

इसी बीच देश में जगह-जगह गैस सिलेंडरों की किल्लत और पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने के मध्य उपभोक्ताओं में अफरा-तफरी का माहौल भी देखने को मिल रहा है। जिले में थोक उपभोक्ता भंडार एवं गैस एजेंसियों पर गैस टंकी प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं की लंबी कतार देखने को मिल रहीं है। उधर सरकार और प्रशासन के गैस टंकियों की किल्लत नहीं होने के दावे धरातल स्थल पर वर्तमान में खोखले ही साबित हो रहे है। सरकार के निर्देश पर ही जिला प्रशासन द्वारा गैस एजेंसी संचालकों की बैठकें लेकर पर्याप्त गैस टंकियों की आपूर्ति किए जाने और जिले में गैस टंकियों की किसी प्रकार की की कोई किल्लत या दाम में बढ़ोत्तरी नहीं होने की बात कहीं जा रहीं है। जिला मुख्यालय पर जिला थोक उपभोक्ता भंडार सहित जिले की गैस एजेंसियों पर पिछले एक सप्ताह से यकायक उपभोक्ताओं की भीड़ बढ़ गई है। वर्तमान में गर्मी का मौसम होने से घरेलू गैस सिलेंडर की मांग बढ़ गई है, तो इस बीच गैस सिलेंडरों की किल्लत के आसार के मद्देनजर ग्राहक गैस टंकियों की बुकिंग अधिक मात्रा में करवा रहे है।

उपभोक्ता भंडार पर भी प्रतिदिन बिल बनवाकर टंकी प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं की कतार देखने को मिल रहीं है। उल्लेखनीय की गर्मी के सीजन में गैस की खपत बढ़ जाती है, ऐसे में देशभर में अनेक स्थानों पर अचानक से गैस टंकियों की आपूर्ति में कमी और दाम बढ़ाने के आसार के चलते उपभोक्ताओं में पशोपेश बना हुआ है।

जिला मुख्यालय पर जिला थोक उपभोक्ता भंडार पर विगत एक सप्ताह से उपभोक्ताओं की भीड़ एवं कतार के दृश्य देखने को मिल रहे है?। उपभोक्ता भंडार से जुड़े शहर सहित आसपास के क्षेत्रों के ग्राहक प्रतिदिन बड़ी संख्या में गैस टंकी के लिए वेटिंग लगाने के साथ भंडार पर पहुंचकर बिल प्राप्त करने के लिए काउंटर पर लंबी कतारों में लग रहे है। काउंटर से बिल बनवाने के बाद शहर से दूर रानापुर रोड पर स्थित गैस गोडाउन पर जाकर टंकियां प्राप्त करना पड़ रहीं है। भंडार पर गैस टंकी के पूर्व में निर्धारित राशि 947 रूपए की जगह 960 रुपए लिए जा रहे है। एक सप्ताह पूर्व वेटिंग लगाने पर भी घर नहीं पहुंच रहीं टंकी उपभोक्ताओं द्वारा इन दिनों गैस टंकियों की बुकिंग अधिक संख्या में की जा रहीं है। भंडार प्रबंधन के अनुसार प्रतिदिन 300 से 400 गैस टंकियों की वेटिंग के साथ भंडार के बिल काउंटर पर भी 250 से 300 बिल एक अनुमान के मुताबिक बन रहे है।

> ऐसे में उपभोक्ता भंडार की ग्राहक द्वारा वेटिंग लगाने पर घर पहुंच सेवा भी धीमी गति से चल रहीं है। विगत एक सप्ताह पूर्व वेटिंग लगाने पर भी टंकी नहीं मिलने की शिकायत उपभोक्ताओं की ओर से की जा रहीं है। शासन के निर्देश पर प्रशासन सख्त है। देशभर में अनेक स्थानों पर गैस टंकियों की आपूर्ति में कमी और तेल कंपनियों द्वारा गैस के दाम बढ़ाने की संभावना के बीच सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा जिलेभर में गैस एजेंसियों की बैठकें लेकर ग्राहकों को गैस टंकी समय पर उपलब्ध करवाने एवं पर्याप्त आपूर्ति के निर्देश जारी किए गए है। वही संबंध में प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम बनाकर हेल्पलाइन नंबर 9074388149 भी जारी किया गया है। जिस पर उपभोक्ता बुकिंग में आने वाली समस्या, टंकी आपूर्ति में देरी के साथ अन्य शिकायतें इस नंबर पर दर्ज करवा सकते है। उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से किया जाएगा। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों की भी बैठक लेकर उन्हें होटल एवं रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग नहीं करने की समझाईश दी जा रहीं है, अन्यथा सख्ती से कार्रवाई किए जाने की भी बात कहीं जा रहीं है। प्रतिदिन एक वाहन आ रहा है कि जिला थोक उपभोक्ता भंडार के गोडाउन कीपर विकास बैरागी ने बताया कि इंदौर एवं गुजरात के हजीरा से प्रतिदिन गैस टंकियों का एक वाहन आ रहा है। बैरागी के अनुसार गैस टंकियां पर्याप्त मात्रा में गोडाउन पर उपलब्ध है, टंकियों की किसी प्रकार की कोई किल्लत नहीं है। वहीं इस संबंध में जिला थोक उपभोक्ता भंडार प्रबंधक श्री राठौर से मोबाइल पर संपर्क करने पर उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया जा रहा है।



## सामूहिक विवाह सम्मेलन में 78 वर-वधु बने हमसफर



**मेघनगर.** जिला कलेक्टर नेहा मीना एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री अवन्धति प्रधान के कुशल नेतृत्व में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का अनुभाग स्तरीय सफ़ल आयोजन हुआ* ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वर्तमान विधायक वीरसिंह भुरिया,एवं पूर्व विधायक कलसिंह भाबर,जनपद अध्यक्ष ललिता मुनिया, उपाध्यक्ष सुशीला गौरसिंह वसुनिया ,उप संचालक पंकज सावले सामाजिक न्याय विभाग झाबुआ, तहसीलदार पलकेश परमार,जनपद सी ई मेघनगर सुश्री प्रज्ञा साहू, जनपद सी ई ओ थांदला देवेंद्र बराडिया, सरपंच वलहींग,प्रदीप गणावा,रविन्द्र भाबर,श्रीमति लीला रामचन्द्र डामोर, रसु भगत उपस्थित रहे। द्वारा सभी उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त कर, सभी वर वधु को आशीर्वाद दिया गया ।जिसमें जनपद पंचायत मेघनगर से वर वधु के 70 जोड़े एवं नगर परिषद मेघनगर वर वधु के 08 जोड़े इस प्रकार अनुभाग स्तरीय कुल 78 वर वधु के जोड़े सम्मिलित हुई एवं जनपद पंचायत थांदला से वर वधु 113 जोड़े एवं नगर परिषद थांदला से वर वधु के 03 जोड़े इस प्रकार कुल 116 वर वधु जोड़े सम्मिलित हुई ।

सभी जोड़ों को ब्राह्मण द्वारा विधि विधान से अग्नि के समक्ष सात फेरे करवाए गए। एवं सभी को शुभ संदेश देते हुए कहा कि आप सबका जीवन खुशी मंगल में व्यतीत हो आप हमेशा आनंदित रहे। एवं मध्य शासन द्वारा सभी कन्याओं के खाते में 49 हजार रुपए की राशि जमा कराई जाएगी ।ताकी वे उन रुपयों से कुछ अपने लिए कन्यादान का सामान खरीद सके और उनका दैनिक दिनचर्या में उपयोग कर सके।



## रायपुरिया पुलिस ने 50 हजार रुपए के 334 अफीम के पौधे किए जब्त

**पेटलावद.** रायपुरिया पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से खेत में उगाए गए डोडा युक्त अफीम के 334 पौधे, जिनका कुल वजन लगभग 13.52 किलोग्राम एवं अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपये है, जप्त किए गए हैं। साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

रायपुरिया पुलिस को ग्राम गरवाखेड़ी में एक खेत में अवैध रूप से मादक पदार्थ अफीम के पौधे लगाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संबंधित खेत की तलाशी ली। तलाशी के दौरान लहसुन के खेत की क्यारियों में अवैध रूप से डोडा युक्त अफीम के पौधे लगे हुए पाए गए। पुलिस द्वारा मौके से डोडा युक्त अफीम के कुल 334 पौधे, जिनका वजन लगभग 13.52 किलोग्राम तथा अनुमानित कीमत करीब 50,000 रुपये है, जप्त किए गए। अवैध रूप से मादक पदार्थ अफीम की खेती करने के आरोप में आरोपी अंबालाल पिता ऊंकार धनोरिया, निवासी ग्राम गरवाखेड़ी को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना रायपुरिया में अपराध क्रमांक 85/2026 धारा 8/18(सी) एनडीपीएस एक्ट (स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। मामले में शामिल अन्य आरोपी भेरूलाल की तलाश और विवेचना जारी है।

**एक नजर में** — **बोहरा समाज की जेनी मस्जिद में होगी ईद की नमाज अदा**

# दाऊदी बोहरा समाज की ईद 19 मार्च को

**मेघनगर । दाऊदी बोहरा समाज की ईद 19 मार्च को मनाई जाएगी जानकारी देते हुए बोहरा समाज के अली असगर भाई हसनजी ने बताया कि समाज के 30 रोजे बुधवार को पूरे हो रहे हैं। गुरुवार के रोज ईद मनाई जाएगी ।**



दाऊदी बोहरा समाज का पहला रोजा 17 फरवरी मंगलवार को हुवा था । दाऊदी बोहरा समाज के धर्मगुरु सैयदना अली कदर मुफद्दल सैफुद्दीन साहब (तउस) की रजा मुबारक से मेघनगर में नमाज की तव्वाली एवं अन्य खिदमत के लिए पधारे मुल्ला होजेफा भाई शेख शब्बीर भाई डूंगरपुर वाला सूरत द्वारा ईद की नमाज स्थानीय जेनी मस्जिद में पढ़ाई जाएगी। ज्ञात रहे की पूरे रमजान माह में नमाज मुल्ला होजेफा भाई शेख शब्बीर भाई डूंगरपुर वाला सूरत द्वारा पढ़ाई गई । रमजान माह में समाज का भोजन भी सामूहिक रूप से बोहरा जमातखाना भोजनशाला में ही 30 दिन तक हो रहा है । भोजन की व्यवस्था समाज जन द्वारा की गई है । साथी रोजाना मस्जिद मैं नमाज के साथ कुरान खानी भी हो रही है ।

मुल्ला होजेफा भाई शेख शब्बीर भाई डूंगरपुर वाला द्वारा रोजाना बयान भी किए जा रहे हैं और समाज जनों को नेक कार्य करने की हिदायत दी जा रही है वह इमाम हुसैन की शहादत पर रोजाना पूर्व जोश मातम भी हो रहा है । जाकेरिन की खिदमत मोहम्मद भाई लिमखेड़ावाला अब्दुल तैय्यब, मोहमद झाबुआवाला द्वारा की जा रही हे । रमजान की 19 वी तारीख को मौला अली की शहादत की वाउज की हुई। रमजान की 25 मी तारीख शुक्रवार (जुम्मा) को थांदला आमिल साहब शेख जुज़र भाई खंबाती की सदारत में मेघनगर में मीसाक की मजलिस भी हुई।

### मिलाद मुबारक मनाकर जाहिर की खुशी

थांदला आमिर साहब के साथ थांदला के शेख असगर भाई पटवारी, ताहेर भाई पर्वत वाला, शब्बीर भाई नेवी कार्यक्रम में शिरकत की। जागरण की रात में आका मौला (त उ स) की मिलाद मुबारक मनाकर खुशी जाहिर की और आका मौला (त उ स) के हक में दुआ कर उनकी लम्बी उम्र की कामना की गई। जागरण की रात के बाद बड़ा रोजा छोटे-छोटे बच्चों मुफद्दल चल्लावाला, जूजर इज़्जी, रुक्कया चल्लावाला, मुफद्दल आदि बच्चों ने रख कर मिसाल पेश की। रमजान में समाज के सभी व्यक्ति कार्य में सहयोग कर रहे हैं।